तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 10 मार्च 2026



11 रत्नांचल काव्य संग्रह का विमोचन, शिक्षक खोमन गुरुजी...





12 हरिभूमि-आईएनएच जिला संवाद में तीखी बहस...







INTERVIEW

अतिशीघ्र आवश्यकता है

11,12,13 March 2026

समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

5 पद- ड्राइवर पुरुष

2 पद- कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष

30 पद- सिक्योरिटी गार्ड महिला

30 पद- सिक्योरिटी गार्ड पुरुष

30 पद- फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष

वेतनमान अनुभव के आधार पर

योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए


फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस

इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023


## आगजनी : जंगल और पहाड़ में जगह-जगह धधक रही आग, वन्यप्राणी भटकने को मजबूर

# धधक रहे जंगल, सैटेलाइट और 400 कैमरों से निगरानी, आग लगाने वाले 20 गिरफ्तार






हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जंगल को आग से बचाने लगातार वन विभाग द्वारा जहां एक ओर अपील किया जा रहा है जंगल के भीतर सैकड़ो कैमरे लगाए गए हैं और तो और सेटेलाइट के माध्यम से भी निगरानी किया जा रहा है बावजूद इसके असमाजिक तत्वो द्वारा क्षेत्र के जंगल को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। चाहे उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की बात करे या फिर गरियाबंद सामान्य वन मंडल के जंगल पहाड़ी और तो और नेशनल हाइवे के किनारे इन दिनो जंगल में जगह-जगह आग लगी हुई है। कही-कही इतना भीषण आग लगा है कि उसके धुंए और आग की तपिस दूर-दूर तक महसूस किया जा रहा है जबकि

खास खबर

### जंगल में 400 से ज्यादा स्थानों पर आगजनी की घटना



माध्यम से किया जा रहा है बावजूद इसके इन दिनों टाइगर रिजर्व के कुल्हाड़ीघाट, तौरेंगा एवं सामान्य वन मंडल मैनपुर क्षेत्र के जंगल में जगह-जगह भीशण आग लगी हुई है, तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर तक आग की धधक और धुआं का अहसास किया जा सकता है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे पहाड़ी भाठीगढ़, गोबरा, भटगांव, गोपालपुर, कुल्हाड़ीघाट, ओड़, आमामोरा, अमलोर, ताराझर, कुरवापानी, मटाल क्षेत्र के जंगल में जगह जगह भारी आग लगी हुई है आग की लपटे शाम होते ही नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद देवभोग मार्ग से दिखाई दे रहा है और मैनपुर नगर तक चारो तरफ धुआ की धुआ फैला हुआ है।

इस वर्ष बड़ी कार्यवाही करते हुए वन विभाग द्वारा जंगल में आग लगाने वाले तथा अतिक्रमण करने वाले 20 लोगों पर अब तक कार्यवाही किया ▶▶|शेष पेज 10 पर

### लगातार की जा रही निगरानी : शशिगानंद

गरियाबंद डीएफओ शशिगानंद ने बताया लगातार जंगल को आग से बचाने के लिए अपील किया जा रहा है। आग लगने पर तत्काल फायर वाचर एवं वन कर्मचारी अधिकारी आग बुझाने के लिए कार्य कर रहे हैं। जंगल में आग लगाने वालो पर कार्यवाही भी की गई है साथ ही जंगल क्षेत्र के सुरक्षा के लिए कैमरा लगाया गया है यदि किसी भी व्यक्ति को जंगल मे आग लगाते पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल कार्यवाही किया जा रहा है संदिग्ध गतिविधियो पर नजर रखी जा रही है।

### विभाग आग बुझाने कर रहा है प्रयास : वरूण जैन

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने चर्चा में बताया लगातार जंगल में आग लगने की शिकायत आ रही है जिसकी सेटेलाईट के माध्यम से भी जानकारी उच्च अधिकारियों तक पहुंच रही है। श्री जैन ने बताया 400 स्थानो पर आगजनी की घटना की पाइंट मिली है सभी जगह आग बुझाया जा चुका है साथ ही वन विभाग के पास आग बुझाने के लिए फायर ब्लोवर, थर्मल ड्रोन, फायर वाचर, सोलर पंप, तालाब के पानी से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। श्री जैन ने बताया जंगल में वन्यप्राणियो के गणना के लिए 300 कैमरे लगाये गये है जिसमें लगातार निगरानी किया जा रहा है अभी तक 20 लोगो पर कार्यवाही किया जा चुका है।



# तलवार और चाकू लहराकर दहशत फैलाने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

बस स्टैंड अभनपुर क्षेत्र में चाकू एवं तलवार लहराकर लोगों को भयभीत करने वाले दो बदमाशों को अभनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रायपुर ग्रामीण के निर्देश पर अभनपुर थाना क्षेत्र में किरायेदारों की जांच का अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक बस स्टैंड अभनपुर में चाकू एवं तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम आकाश कुमार साहू उम्र 28 वर्ष पिता स्व. नंदलाल साहू निवासी सूर्य नगर डबरा पारा गुढियारी,पकंज बैरागी उम्र 24 वर्ष पिता श्यामदास बैरागी निवासी सूर्य नगर डबरा पारा गुढियारी दोनो आरोपी का हाल पता अटल आवास बेलभाठा बताया गया दोनो के कब्जे से लोहे की धारदार तलवार एवं चाकू बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी पूर्व में भी थाना गुढियारी क्षेत्र के कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल भेज दिया गया।



### एकल अभियान, संस्कार्र और शिक्षा का संगम : दुबे

**छुरा।** ग्राम मातरबाहरा में 8 मार्च को एकल विद्यालय का संच स्तरीय वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में छुरा संच के अंतर्गत आने वाले 20 विभिन्न विद्यालयों के लगभग 60 नन्हे प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### रसोई गैस के दाम बढ़ने से बजट बिगड़ रहा : यादव

**मैनपुर।** भाजपा सरकार द्वारा घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रूपये की बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने विरोध जताया है। युवा कांग्रेस ब्लॉक सचिव परमेश्वर



यादव ने कहा कि केंद्र सरकार जनविरोधी नीतियों और लगातार बढ़ती मंहगाई से आम आदमी की कमर टूट रही है 07 मार्च से घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 60 रूपये की वृद्धि कर सरकार ने आम जनता को होली का महंगाई वाला तोहफा दिया है पहले से ही मंहगाई से जूझ रही है जनता पर यह अतिरिक्त बोझ है। श्री यादव ने कहा की मोदी सरकार मंहगाई कम करने के बजाय मंहगाई बढ़ती जा रही है। गैस सिलेंडर के दाम में वृद्धि होने से सीधा असर आम आदमी के जेब पर पड़ रहा है गैस सिलेंडर बुनियादी जरूरतों की चीजों में आता है सिलेंडर के दाम में वृद्धि होने से इसका असर हर चीज मे देखने को मिलेगा।

### जिला स्तरीय किसान मेला रसेला में आज

**रसेला।** जिला स्तरीय जैविक किसान मेला का आयोजन 10 मार्च दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे समाज भवन हनुमान मंदिर रंगमंच पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें विकाश खंड के किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देने किसान मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कृषि उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन संचालित योजनाओं की जानकारी के साथ जैविक खेती के बारे में किसानों से चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में समस्त कृषक बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में अपनी अपनी सहभागिता निभाने के लिए अपील की गई है।

### दिलीप भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

**मैनपुर।** जिला संगठनात्मक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम



उठाते हुए भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दिलीप साहू मैनपुर को बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण ▶▶|शेष पेज 10 पर

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका मुख्यमंत्री ममता का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



देश के राष्ट्रपति का बंगाल दौरे के दरमियान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अपमान करने पर भाजपाईयो ने रानी श्यामकुमारी चौक पर पुतला दहन कर ममता बनर्जी के खिलाफ नारे लगाए। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सियाराम ध्रुव ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान वहां के दोगली सिरफिरी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा उनके दौरे के व्यवधान, कर अपमान को लेकर पुतला दहन कर रहे है। इस अवसर पूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा एवम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीष हरित ने कहा कि देश के महामहिम के बंगाल राज्य के दौरे के दौरान अभिवादन न करना,अनुपस्थित रहना तथा यह कहना कि हर जगह उपस्थित नहीं हो सकती? सर्वथा गलत है एवं महामहिम राष्ट्रपति का अपमान है। राष्ट्रपति जी के दौरे के दौरान राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इशारों पे जानबूझ कर अव्यवस्था किया गया जिससे महामहिम व्यथित हुए।इस तरह का कृत्य से यह प्रतीत होता है कि बंगाल के मुख्यमंत्री को एक अनुसूचित जनजाति की महिला का सर्वोच्च पद पर आसीन होना हजम नहीं हो रहा है। एक जाति विशेष के प्रति यह ममता की दुर्भावना को व्यक्त करता है, जिसकी हम सभी कड़ी निंदा करते है और आज अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सियाराम धुरव के नेतृत्व में बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर उसके कृत्य की निंदा करते है। मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित ने कहा कि देश आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है और देश के सर्वोच्च पद का अपमान बंगाल के मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना पूरे देश के महिलाओं का अपमान है जिसकी कड़ी निंदा करते है। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद जगदीश यदु, जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा दशरथ सिन्हा, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा के उत्तम राजवंशी, भुनेश्वर साहू, पार्षद पद्मा यदु, रवि साहू, वैभव सोनी, राकेश सिन्हा उपस्थित थे।

## झरगांव मड़ई-मेले में उमड़ी भारी भीड़

# मड़ई -मेला धार्मिक आस्था का प्रतीक : मांझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम झरगांव में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान देवी-देवताओं की पूजा अर्चना कर मड़ई मेला का शुभारंभ किया गया। मड़ई स्थल में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर को देवी देवताओं की विशेष पूजा अर्चना के साथ शोभायात्र निकाली गई। देवी-देवताओं ने मड़ई में लोगों को आशीर्वाद दिया व क्षेत्र की सुख-शांति के लिए देवी -देवताओं से कामना की गई। मड़ई पर लोगों ने देवी-देवताओं को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद मांगा। लोगों की भीड़ रात होने तक लगी रही।



झरगांव में आयोजित मड़ई मेला में शामिल होने पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति नीरज ठाकुर भी पहुंचे जिनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा की मड़ई मेला हमारी धार्मिक आस्था का प्रतीक है इसमें देवी- देवताओ की पूजा अर्चना करते है और क्षेत्र में सुख -शांति, खुशहाली और समृद्धि बनी रहती है। आज झरगांव गांव के मड़ई मेला में दूर-दूर से आए प्रमुख देवी- देवताओं द्वारा लोगों को आशीर्वाद दिया गया है। इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण परिवेश सांस्कृतिक वातावरण लोगों को आदिवासी क्षेत्रों के रीति रिवाजों से अवगत कराता है। इस मौके पर सातपारा झांकर धरम सिंह कपिल पुजारी हेमनाथ पाथर, सरपंच बेलमती पाथर, सातपारा के वरिष्ठजन झाखर पुजारी वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि ग्रामीण उपस्थित थे। रात मे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।


HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

नि:शुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर

दिनांक: 10 मार्च से 14 मार्च

समय: मंगलवार से शनिवार

(प्रात:10:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक)



▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ स्पीच थेरेपी

▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)

| कचहरी चौक (रायपुर) | बैरन बाजार (रायपुर) | शंकर नगर (रायपुर) | अंबिकापुर |
|---|---|---|---|
| शॉप नंबर- 14, कृष्णा काम्प्लेक्स, जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने, कचहरी चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001) | विमला सदन, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, फव्वारा चौक, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492001) | प्रथम तल, एस. आर. प्लाजा सेक्टर-3, आरोग्य हॉस्पिटल के पास, शंकर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़ (492004) | मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, मेन पोस्ट ऑफिस के पास, बाबूपारा, अंबिकापुर, छत्तीसगढ़ (497001) |
| **भिलाई** | **बिलासपुर** | **धमतरी** | **जगदलपुर** |
| शॉप नंबर- 107-108, इथीराज टावर्स, जी.ई. रोड, सुपेला, भिलाई, छत्तीसगढ़ (490023) | शॉप नंबर- F5-F6, अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग के सामने, मगरपारा रोड, मसानगंज, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ (495001) | डॉ. सरोज कुमार साहा क्लिनिक के ऊपर, धमतरी क्रिश्चियन (बठेना) हॉस्पिटल के पास, वेयरहाउस गोडाउन के सामने, रायपुर रोड, धमतरी (493773) | विनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड,धरमपुरा, जगदलपुर 494001 |
| **कोरबा** | **सारंगढ़** | | |
| शॉप नं. 4, 5, महिमा कॉम्प्लेक्स, निहारिका टॉकीज के पास, कोरबा (छ.ग.) – 495677, | डॉ अनूप अग्रवाल, माँ दुर्गा क्लिनिक, अग्रसेन चौक, पोस्ट ऑफिस के पास, दुर्गा लॉज के नीचे, (496445 ) | | |

Google Play | App Store

Google Rating

PHILIPS Authorized dealer

For Appointment Call:

8319 603 298

9659 455 455

Khanna

छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र | कर्नाटक | केरळ | तामिळनाडू | आंध्र प्रदेश | तेलंगाणा | पश्चिम बंगाल | बिहार | झारखंड

# मार्च की गर्मी में ट्रेनों का सफर हुआ मुश्किल, लोकल से एक्सप्रेस तक जनरल कोच में पंखे बंद, छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

ट्रेनों में लगे पंखे की धीमी रफ्तार और खराबी के कारण यात्रियों का गर्मी में सफर करना अब मुश्किल होने लगा है। जोन के साथ-साथ दूसरे जोन की ट्रेनों के जनरल कोच में लगे 3 से 6 पंखे या तो पूरी तरह बंद हैं या इतनी धीमी गति से चल रहे हैं कि यात्रियों तक हवा ही नहीं पहुंच रही है। हरिभूमि ने ट्रेनों में लगे पंखों की पड़ताल की, जिसमें हसदेव, इतवारी मेमू, रक्सौल, हावड़ा एक्सप्रेस और रायपुर-कोरबा पैसेंजर जैसी ट्रेनों के जनरल कोच में एक दर्जन से अधिक पंखे बंद पाए गए। वहीं लोकल ट्रेनों के तीन से ज्यादा कोच में पंखों की रफ्तार बेहद धीमी मिली। हसदेव एक्सप्रेस के जनरल और सेकंड क्लास के चार कोच में 6 से अधिक पंखे बंद मिले, जबकि इतवारी मेमू में भी खराब पंखों की संख्या आधा दर्जन से अधिक रही।

मार्च के महीने में ही बढ़ती गर्मी ने यात्रियों को बेहाल कर दिया है। दोपहर के समय पंखे बंद होने के कारण उमस इतनी बढ़ जाती है कि यात्री अपनी शर्ट उतारकर सफर करने को मजबूर हैं। सामान्य भीड़ होने पर तो खिड़की से आने वाली हवा से थोड़ी राहत मिल जाती है, लेकिन कोच में भीड़ बढ़ने के दौरान यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ट्रेनों में मार्च में यह हाल है तो अप्रैल और मई की भीषण गर्मी में यात्रियों की दिक्कतें बहुत बढ़ जाएंगी।

## हसदेव, इतवारी मेमू, रक्सौल, हावड़ा एक्सप्रेस और रायपुर-कोरबा पैसेंजर के जनरल कोच में बंद पंखे







### एक्सप्रेस ट्रेनों का भी यही हाल जनरल कोच में पंखे मिले बंद

लोकल ट्रेनों की तुलना में एक्सप्रेस ट्रेनों के पंखे खराब होने की समस्या अधिक देखने को मिल रही है। रक्सौल, समता, हावड़ा-मुंबई और समरसता एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों के जनरल कोच में 1 से 3 पंखे पूरी तरह बंद पाए गए। इसके अलावा लगभग इतने ही पंखे बेहद धीमी रफ्तार से चल रहे थे। दोपहर के वक्त जनरल कोच में भारी भीड़ होती है। ऐसे में जब ट्रेन किसी स्टेशन या आउटर पर रुकती है तो उमस और गर्मी से यात्रियों के पसीने छूटने लगते हैं। कई कोच में तो हालात ऐसे थे कि लगातार दो पंखे एक साथ बंद पड़े थे। यह अव्यवस्था मुख्य रूप से जनरल कोच के यात्रियों पर सबसे भारी पड़ रही है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व डीजीपी विश्वरंजन का निधन, दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ द्वारा छत्तीसगढ़ के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विश्वरंजन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए रविवार को पुलिस लाइन में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने स्व. विश्वरंजन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा उनके द्वारा पुलिस सेवा के दौरान किए गए उल्लेखनीय योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि देने वालों में सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक राजीव माथुर, संतकुमार पासवान, राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी लाल नायक, सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यूआर नेताम, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक भारत सिंह, पीएन तिवारी, पुलिस उप महानिरीक्षक प्रवीर दास, एनकेएस ठाकुर, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण संघ के संरक्षक जीएस भामरा, अध्यक्ष बलराम हिरवानी, कोषाध्यक्ष नारायण प्रसाद उपाध्याय सहित संघ के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### पुरातत्वीय धरोहरों के संरक्षण में जनभागीदारी बढ़ाने की पहल



**रायपुर।** संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर संस्कृति विभाग अंतर्गत पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, रायपुर द्वारा "जिला पुरातत्वीय संघों के निर्माण एवं कार्यविधियां" विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला 7 से 9 मार्च तक महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में आयोजित है। प्रथम तकनीकी सत्र में "संग्रहालयों के संचालन में जिला पुरातत्वीय संघों की भूमिका" विषय पर मुख्य व्याख्यान प्रो. आरएन विश्वकर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्त्व, इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. पीसी पारख, प्रभात कुमार सिंह, डॉ. अरुंधति परिहार, रोशनी शर्मा, डॉ. वृषोत्तम साहू, प्रवीन तिर्की, डॉ. राजीव मिंज, विष्णु नेताम, समीर टल्लू, मुकेश जोशी, अमर भरतद्वाज, नूतन एक्का एवं अरुण निर्मलकर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शराब के नशे में लकड़ी के बैट से सिर फोड़कर फरार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के बैरन बाजार इलाके में देर रात एक युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। शराब के नशे में एक युवक ने अकारण गाली-गलौज करते हुए लकड़ी के बैट से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित के सिर में गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक विद्यानगर बैरन बाजार का निवासी है और पेशे से प्लंबर है। उसने पुलिस को बताया कि वह इलाके के रहने वाले अंशुल बघेल को पहले से जानता है। 7 मार्च की रात करीब 11 बजे वह विद्यानगर स्थित शिव मंदिर के पास बैठा हुआ था।

## निर्माता दवा कंपनी नहीं कर पा रही सप्लाई, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में शार्टेज

# इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन ऑन्को-बीसीजी 40 एमजी की सप्लाई ठप, बढ़ी मुसीबत

**अस्पतालों के साथ दवा बाजार में भी नहीं मिल रही, दूसरे पखवाड़े बाद ही राहत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

ब्लैडर कैंसर की पीड़ा से जूझ रहे मरीजों के सामने पिछले कुछ समय से एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। इनके लिए इम्यूनोथैरेपी के रूप में उपयोग की जाने वाला ऑन्को-बीसीजी 40 एमजी के इंजेक्शन की अस्पतालों के साथ दवा बाजार में किल्लत हो गई है। इस दवा की प्रमुख निर्माता कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में आपूर्ति बाधित होने की वजह से मरीजों की चिंता बढ़ गई है। दवा बाजार से जुड़े कारोबारियों का तर्क है कि इसकी सप्लाई मार्च के दूसरे पखवाड़े के बाद ही संभव है।

सूत्रों के मुताबिक, कैंसर प्रभावित कोशिकाओं को दोबारा पनपने से रोकने के लिए ऑन्को-बीसीजी इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन को जरूरी माना जाता है। चिकित्सकों के मुताबिक, यह थैरेपी एक निश्चित समय के बाद मरीजों को दी जाती है। यह इंजेक्शन बहुत रुटीन में नहीं है, इसलिए सामान्यतः इसकी शार्टेज होना मरीजों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकता है। पिछले कुछ समय से इसकी उपलब्धता राजधानी की निजी अस्पतालों के साथ दवा बाजार में नहीं है, जिसकी वजह से एक नियत अवधि में इसे लगवाने वाले मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। हरिभूमि की टीम ने जब संबंधित इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में दवा बाजार में इन्वेस्टीगेशन किया तो पता चला कि पिछले पंद्रह-बीस दिनों से निर्माता कंपनी इसकी सप्लाई नहीं कर रही है। बाजार में मौजूदा स्टॉक भी खत्म हो गया और कंपनी से नई खेप आने का इंतजार किया जा रहा है। दवा कारोबारियों के मुताबिक, सिप्ला कंपनी का यह इंजेक्शन दवा दुकानों में तो दूर, नागपुर के डिपो में भी नहीं है। इसकी शार्टेज छत्तीसगढ़ के साथ पूरे देश में बनी हुई है। दवा कारोबारियों का कहना है कि कंपनियों को डिमांड भेजी जा चुकी है, मगर इसकी आपूर्ति मार्च के दूसरे पखवाड़े में ही होने का अनुमान है।






### औषधि विभाग की नजर भी

बाजार में दवा की उपलब्धता को सामान्य बनाए रखने की जिम्मेदारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की होती है। ब्लैडर कैंसर की इम्यूनोथैरेपी इंजेक्शन की सप्लाई बाधित होने के बाद विभागीय अधिकारी इसके वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रारंभिक स्तर पर उन्हें यह भी बताया गया कि सिप्ला कंपनी के नागपुर डिपो में भी इस इंजेक्शन की उपलब्धता नहीं है।

### शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को करता है मजबूत

*यह इंजेक्शन मरीजों के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए दिया जाता है। आमतौर पर इसका उपयोग सभी मरीजों के लिए नहीं किया जाता है। 'इंट्रावेसिकल इम्यूनोथैरेपी' कैंसर की कोशिकाओं से शरीर को लड़ने के लिए मजबूत करती है।*

*- डॉ. आशुतोष गुप्ता, ऑन्कोलाजिस्ट, आंबेडकर अस्पताल*

### शार्टेज बनी हुई है

*ऑन्को-बीससीजी 40 एमजी की सप्लाई पिछले कुछ समय से कंपनी द्वारा नहीं की जा रही है। संबंधित कंपनी के डिपो में भी स्टॉक नहीं है। संभावना है कि माह के दूसरे पखवाड़े में बाजार में इसकी उपलब्धता हो जाएगी।*

*- ठा. राजेश्वर सिंह, दवा कारोबारी*



## पृथ्वीम फाउंडेशन ने डॉ. एम कौर गुरदीप गिल को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

पृथ्वीम फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा के नेतृत्व में महिलाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें नवापारा, राजिम सहित अंचल में राजनैतिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। यहां वरिष्ठ महिला रोग चिकित्सक डॉ एम कौर एवं शिक्षाविद गुरदीप गिल का सम्मान पौधा एवं फल भेंटकर किया। समाज में उनके द्वारा किए सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं लंबी आयु की कामना पृथ्वीम फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने की। इस अवसर पर श्रीमती सिन्हा ने कहा कि डॉ एम कौर विगत 55 वर्षों से भी अधिक समय से अंचल के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उनके द्वारा 5000 से अधिक महिलाओं की सफल प्रसव डिलीवरी कराई जा चुकी है। उनके द्वारा किफायती दरों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती है। नवापारा नगर एवं अंचल के लोग डॉक्टर दंपत्ति डॉ एम कौर एवं डॉ बलजीत सिंह को भगवान मानते है। उनके सेवा भाव एवं अंचल में उनके स्वास्थ्य सेवा को सम्मानित करते हुए पृथ्वीम फाउंडमेंशन गौरवान्वित महसूस कर रहा है। वही नवापारा नगर की शिक्षाविद एवं पूर्व प्राचार्य गिल मैडम के सम्मान में योगिता सिन्हा ने कहा कि मैडम गिल विगत 40 वर्षों से भी अधिक समय से शिक्षा के क्षेत्र में सेवा प्रदान की है। उच्च शिक्षित गुरदीप गिल अंग्रेजी विषय की विशेषज्ञ है। उनके पढ़ाए छात्र देश विदेश में उच्च पदों पर आसीन है। पृथ्वीम फाउंडेशन का सौभाग्य है कि विश्व महिला दिवस पर उन्हें सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सम्मान कार्यक्रम में पृथ्वीम फाउंडेशन एवं स्टेला फाउंडेशन के सदस्य पूजा सायरानी, रेखा बंजारी, हर्षा कंसारी, प्रभा बांसवार उपस्थित रही।



### विधायक रोहित साहू पहुंचे भागवत कथा में

**राजिम।** शहर के वार्ड क्रमांक 2 में आयोजित श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करने विधायक रोहित साहू पहुंचे। यहां कथावाचक पंडित संजय पाण्डेय बहुत ही धार्मिक भाव के साथ लोगों को धर्म, भक्ति व सच्चाई के मार्ग पर चलकर जीवन को सफल बनाने की बात बतला रहे है। कथा प्रसंग के दौरान पंडित संजय पाण्डेय ने कहा कि कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा मोक्ष पाने का सर्वोत्तम मार्ग है। द्वापर युग में राजा परीक्षित को जब पता चला कि आज से सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से मेरी मृत्यु हो जाएगी तब उन्होंने श्रीमद् भागवत की कथा एकाग्र मन से श्रवण किया तत्पश्चात उसे मोक्ष की प्राप्ति हुई। श्रीमद् भागवत कथा अमृत है जिसे सुनकर सभी प्राणी परम गति मोक्ष को प्राप्त करते हैं। हमें जीवन में भागवत की कथा अवश्य श्रवण करनी चाहिए। कथा में श्री कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा वाचक पंडित संजय पांडेय ने कहा कि जो दुःख की घड़ी में साथ रहे वही सच्चा मित्र होता है। जैसे सुदामा और कृष्ण की मित्रता थी। कथा के अंतिम दिन विधायक रोहित साहू, नगर पालिका के अध्यक्ष महेश यादव, पंडित अर्जुन प्रसाद तिवारी, पार्षद तुषार कदम, बलराम यादव, योगेश्वर पुरी गोस्वामी, संजीव साहू, शेखर मिश्रा, रामनारायण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने लोग मौजूद थे। यह श्रीमद भागवत कथा स्व. ईश्वरी प्रसाद मिश्रा की स्मृति में किया गया था।

## पेज 9 के शेष...

### धधक रहे जंगल...

जा चुका है और तो और आरोपियों पर लोक संपत्ति क्षति निवारण एक्ट के तहत भी कार्यवाही किया जा रहा है। वन विभाग के अफसर से लेकर कर्मचारी, चौकीदार, फायर वाचर जान जोखिम मे डालकर जंगल की सुरक्षा के लिए दिन रात एक कर दिये है देर रात तक पहाड़ी इलाके मे आग बुझाने लगे हुए है सबसे ज्यादा परेशानी आग बुझाने मे पहाड़ी इलाके मे करना पड़ रहा है क्योकि देखते ही देखते आग चारो तरफ फैल जा रही है साथ ही हवा के कारण आग तेजी से फैल रहा है बावजूद इसके वन विभाग ने लगभग 90 प्रतिशत स्थानो पर आग बुझाने मे कामयाबी हासिल किया है। **कीमती पेड़-पौधों के साथ पर्यावरण को भारी नुकसान-** गरियाबंद वन मंडल हो या उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल में जगह-जगह आग लगने से कीमती वनोपज स्वाहा हो रहे हैं। वन्यप्राणी आग की वजह से इधर- उधर भटकने लगे हैं। आगजनी से छोटे-छोटे पौधे जलकर स्वाहा हो गए हैं। वहीं जंगल में आग लगने से वन्यप्राणी भटक रहे हैं। साथ ही पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है और तो और देवभोग वन परिक्षेत्र के कांदाडोंगर पहाड़ी क्षेत्र मे भी भारी आगजनी की घटना सामने आई है।

### एकल अभियान...

रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान भाग सचिव प्रफुल्ल दुबे ने उपस्थित बच्चों, आचार्यों और ग्रामवासियों को 'एकल अभियान' के उद्देश्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कैसे एकल विद्यालय सुदूर वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कार और स्वावलंबन की अलख जगा रहे हैं। इस अवसर पर श्री दुबे द्वारा सभी प्रतिभागियों को हनुमान चालीसा का वितरण भी किया गया। बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए रवि चंद्राकर की ओर से विशेष प्रोत्साहन और सांत्वना पुरस्कारों की व्यवस्था की गई। विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया, जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी। इस दौरान नवापारा भाग समिति भाग गतिविधि प्रभारी रविशंकर साहू, सहसचिव रूपेंद्र चंद्राकार, संरक्षक सनत जैन, अंचल सचिव वीरेंद्र साहू और कार्यालय प्रमुख टीकम निषाद। छुरा संच समिति अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, कोषाध्यक्ष विमल पुरोहित, सचिव मिथलेश सिन्हा, उपाध्यक्ष कृष्णा पटेल, रवि चंद्राकर, वन यात्रा प्रभारी मनोहर यादव और शिव नेताम शामिल थे।

### दिलीप भाजपा...

सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय की अनुमति एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रवीण दुबे, सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी और जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर के सहमति से सहकारिता प्रकोष्ठ की जिला संयोजक बनाए जाने पर आभार व्यक्त किया। दिलीप साहू ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दिया गया है उसमें पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा और पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने कार्य करेंगे।

## श्री पंचकोशी धाम आदर्श गौशाला में नई टीम ने संभाला कार्यभार



फिंगेश्वर। श्री पंचकोशी धाम आदर्श गौशाला समिति फिंगेश्वर का बैठक आयोजित किया गया था जो गौशाला परिसर में किया गया। बैठक में गौशाला के गौ माता का संरक्षण संवर्धन एवं विकास पर चर्चा हुई तथा नव नियुक्त पदाधिकारियों को कार्यभार दिया गया। संरक्षक डॉक्टर चंद्रशेखर हरित ने नवनियुक्त पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने नए दायित्व के साथ गौशाला के विकास तथा गौ माता की सेवा के लिए तत्परता से एवं पूर्ण दायित्व साथ अपना कार्य करते रहेंगे ताकि गौशाला के उद्देश्यों का परिपालन हो सके। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उन्होंने शुभकामनाएं दी। बैठक को अध्यक्ष जगदीश साहू ने भी संबोधित किया एवं कार्यकारी अध्यक्ष रामू राम साहू ने विविध विषयों पर प्रस्ताव लाया तथा चर्चाएं कर मार्गदर्शन दिया।श्री पंचकोशी धाम आदर्श गौशाला के नए पदाधिकारी के पश्चात यह प्रथम बैठक रहा जिसमें प्रमुख रूप से संरक्षक डॉक्टर चंद्रशेखर हरित,अध्यक्ष जगदीश साहू कार्यकारी अध्यक्ष रामू राम साहू,धर्म संस्कृति उत्थान मंच के अध्यक्ष अमृत यदु, उपाध्यक्ष उत्तम राजवंशी सचिव ओम प्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार साहू, सह सचिव जागेश्वर साहू, संरक्षक ओमप्रकाश बंछोर, हेमलाल साहू सहित सदस्य गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव ओम प्रकाश साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन उत्तम राजवंशी ने किया।

## रत्नांचल रत्न 2026 सम्मान से नवाजे गए साहित्यकार हीरालाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

रत्नांचल जिला साहित्य एवं जन कल्याण समिति गरियाबंद के द्वारा सिरकट्टी आश्रम कुटेना में रत्नांचल काव्य संकलन का विमोचन किया गया। जिसमें नगर के साहित्यकार हीरालाल गुरुजी समय को रत्नांचल रत्न 2026 से सम्मानित किया गया। विमोचन समारोह में अतिथि के रुप में जनक ध्रुव विधायक बिन्द्रानवागढ़, गौरीशंकर कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत गरियाबंद, सुभांगी चतुर्वेदी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, रामेश्वर शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर, सदाराम सिन्हा वरिष्ठ साहित्यकार, मुन्नालाल देवदास, वरिष्ठ साहित्यकार राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षक नूतन साहू, भुनेश्वर साहू, जितेन्द्र सुकुमार मंचासीन रहे। विदित हो कि रत्नभूमि जिला गरियाबंद में साहित्य रत्नों का भंडार है जो गद्य एवं पद्य कीअनेक विधाओं में कलम चलाते हैं पूर्व में भी पं सुंदरलाल शर्मा संत पवन दीवान कृष्णा रंजन उधोराम झखमार चैतराम व्यास गजानन प्रसाद देवांगन गणपत रामनायक मनोहर सोनी जैसे अनेकों साहित्यकार हुए जिनके वंश परंपरा को आज के सैकड़ो साहित्यकार जीवंत रखे है जिसमें छुरा अंचल के साहित्यकार हीरालाल साहू समय भी एक हैं जो विगत 10-15 वर्षों से लगातार हिन्दी एवं छत्तीसगढ़ी में अपनी साहित्यिक सेवा कर रहे हैं विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में समाचार पत्रो में उनके लेख प्रकाशित होते हैं उनकी एक रचना रत्नांचल काव्य संकलन में भी प्रकाशित की गई है सतत साहित्य की साधना को अभिनंदित करते हुए उन्हे यह सम्मान से नवाजा गया। सम्मान कार्यक्रम में दिनेश चौहान राजिम, उमेश श्रीवास, कृष्ण कुमार, केंवरा यदु, सुधा शर्मा, फानेंद्र साहू, डॉक्टर मोतीलाल साहू, देवेंद्र ध्रुव उपस्थित रहे।

## सरकारी विभागों पर ही तीन हजार करोड़ का बकाया

# सरकारी दफ्तरों से बकाया बिजली बिल वसूली के लिए चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी दफ्तरों भी अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बकाया वसूली के लिए अभियान चलाने का फैसला किया है। आमतौर पर आम उपभोक्ता से तो वसूली के लिए बिजली तक कट कर दी जाती है, लेकिन सरकारी दफ्तरों की तरफ झांका भी नहीं जाता है। अब सरकारी दफ्तरों में जाकर पॉवर कंपनी के अधिकारी उनके बकाया बिल की जानकारी देकर बिल जमा करने के लिए कहेंगे, हालांकि बिजली कट नहीं की जाएगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा, प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक कर बकाया वसूली के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिला एवं कंपनी के संभागीय कार्यालयवार शासकीय कार्यालयों के बकाया संबंधी जानकारी एकत्र कर एक सप्ताह के भीतर समीक्षा पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने अवैध कनेक्शन लेने वाले घरेलू एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं की भी जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए हैं।

### तीन हजार करोड़ बकाया, 600 करोड़ मिले

*प्रदेशभर के सरकारी विभागों पर पॉवर कंपनी का करीब तीन हजार करोड़ का बकाया है, इसमें से 600 करोड़ रुपए पॉवर कंपनी को मिल गए हैं। मार्च के अंत तक और बकाया मिलने का संभावना है। इसके बाद वैसे भी सरकारी विभागों का बकाया फ्रीज कर दिया जाएगा और सरकारी विभागों के कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे।*

## जोन दफ्तर के परिसर में महिला सफाई कर्मियों और स्वच्छता दीदियों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन-8 के महोबा बाजार स्थित जोन कार्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला सफाई कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों को उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने जोन-8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित 50 महिला सफाई कर्मचारियों की सेवाओं को सराहते हुए उन्हें और स्वच्छता दीदियों को मंच से सम्मानित किया। महिला स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों ने जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल का अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान करते हुए उन्हें इस मौके पर बधाई दी। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा समेत अन्य की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### डॉ. रमेश साहू पुनः फिंगेश्वर ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त

**गरियाबंद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर में डॉ. रमेश साहू को पुनः वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति के बाद डॉ. साहू ने पार्टी नेतृत्व के प्रति



आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करने की बात कही। डॉ. रमेश साहू ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करते रहेंगे। बताया जाता है कि डॉ. रमेश साहू लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हुए हैं और पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल के समर्थक के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे लगातार पार्टी की गतिविधियों में भाग लेते हुए संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य करते रहे हैं।

### फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना जिला महासमुंद में मेंटल हेल्थ फिक्स डे कैंप आयोजित किया गया। 36 मानसिक मरीजों में मुख्यतः 18 साइकोसिस, 6 बाईपोलर, 6 डिप्रेशन, 3 ऐंजाइटी, 1 सीजर, 2 एल्कोहल एडिक्सन विथड्रॉल, को निदान कर निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। डॉ नारायण साहू बीएमओ, ढोलचंद नायक बीपीएम व स्टॉफ का सहयोग रहा, मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोशल वर्कर, व स्टॉफ के साथ मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया।

## निधन

### लोमेश साहू

**नवापारा-राजिम।** ग्राम जौन्दी के पूर्व उपसरपंच लोमेश साहू उम्र 32



वर्ष का निधन हो गया। उनके निधन पर विधायक इंद्रकुमार साहू, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज, पूर्व सरपंच टीकमचंद साहू सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**कार्यक्रम : रंगपंचमी और महिला दिवस पर महिलाओं का साड़ी-श्रीफल से सम्मान**

# महिलाएं अब पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहीं : साहू





हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

नगर साहू संघ के तत्वावधान में रंग पंचमी एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं को साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर साहू संघ राजिम के पूर्व अध्यक्ष संतोष साहू, विशेष अतिथि नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू, संरक्षक चमरू राम साहू, गजानन साहू तथा नगर सचिव राजू साहू थे। समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ की गई। कार्यक्रम में नारी शक्ति के रूप में ब्रिज कुमारी साहू, इंदु साहू बिंदु साहू सुनीता साहू, जयश्री साहू, कुमारी साहू सुखवाती साहू गिरजा साहू यशोदा साहू सरिता साहू सेवती साहू संतोषी साहू एवं उपस्थित महिलाओं को समाज के प्रमुखजनों द्वारा साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संतोष साहू ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम सभी नारी शक्ति के योगदान को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां और महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। वे साइकिल चलाने से लेकर हवाई जहाज उड़ाने तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही हैं। आज की नारी घर-परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक तथा अन्य सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है।

**कुरीतियों को दूर करने नारी शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण**

नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा कि नारी शक्ति के सम्मान और उनके योगदान को स्मरण करने के लिए पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने समाज में व्याप्त बुराइयों और कुरीतियों को दूर करने के लिए संकल्प भी लिया। उन्होंने कहा कि समाज में फैली बुराइयों का विरोध करने और उन्हें समाप्त करने में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों और समाजजनों का आभार व्यक्त किया गया।


# रत्नांचल काव्य संग्रह का विमोचन, शिक्षक खोमन गुरुजी सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

रत्नांचल जिला साहित्य एवं जन कल्याण समिति के तत्वावधान में प्रकाशित काव्य संग्रह "जिले के रत्नों से भरा रत्नांचल" का भव्य विमोचन समारोह रविवार को चतुर्भुज पावन धाम सिरकट्टी आश्रम में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले भर से आए साहित्यकारों, रचनाकारों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष और यादगार बना दिया। समारोह के दौरान बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप तथा जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी के करकमलों से राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक खोमन गुरुजी को सम्मानित किया गया। शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने वाले खोमन गुरुजी की रचना इस काव्य संग्रह में प्रकाशित होने से सम्मान का महत्व और भी बढ़ गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने साहित्यकारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन साहित्य, संस्कृति और रचनात्मकता को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने से समाज में सृजनशीलता और सांस्कृतिक चेतना का विस्तार होता है।

# एनएच के किनारे गौर का झुंड देखने लगी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग में सोमवार को इंदागांव और बुड़गेलटप्पा के बीच विचरण करते हुए गौर का झुंड सड़क किनारे पहुंच गया। इस दौरान आने जाने वाले यात्री बस व अन्य वाहनों में सवार लोगों ने स्वतंत्र रूप से जंगल में विचरण करते गौर का झुंड को देखने भीड़ लगी रही।

# टीईटी के लिए विभागीय सीमित परीक्षा आयोजित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ रायपुर को पत्र लिखकर विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा आयोजित करने की मांग की है। ज्ञातव्य हो कि विगत दिनों छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल डी पी आई (लोक शिक्षण संचालनालय) में अधिकारियों से मिला तथा टीईटी के संबंध में माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय के आलोक में शिक्षकों की सेवा–सुरक्षा विषयक चर्चा की। उक्त चर्चा के दौरान डी पी आई के उच्च अधिकारियों द्वारा टेट परीक्षा देने वाले सहायक शिक्षक व शिक्षकों की संख्या, टेट के बिना शिक्षक संवर्ग पर दुष्प्रभाव, न्यायालय व शासन पक्ष के सम्बंध में विशेष चर्चा कर अवगत हुए की शिक्षकों के लिए भविष्य में टेट एक विशेष विषय हो सकता है, अधिकारियों ने विभागीय टेट परीक्षा के संबंध में टीचर्स एसोसिएशन से विस्तृत सुझाव प्रस्तुत करने कहा। अतः एसोसिएशन द्वारा विस्तृत सुझावों सहित औपचारिक प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया है,जिससे समय रहते शिक्षकों के हितों की समुचित रक्षा सुनिश्चित की जा सके।छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू,प्रदेश सहसचिव विनोद सिन्हा,प्रदेश संयुक्त सचिव यशवंत बघेल, आई टी सेल गिरीश शर्मा, टिकेन्द्र यदु, जिलाध्यक्ष परमेश्वर निर्मलकर,जिला पदाधिकारी भुवन यदु,लता ध्रुव, घनश्याम दिवाकर, नंदकुमार रामटेके ने कहा है कि प्रदेश के कार्यरत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, पदोन्नति के अवसर एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में निरंतर सुधार को ध्यान में रखते हुए विभागीय सीमित शिक्षक पात्रता परीक्षा"आयोजित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। यदि न्यायालयीन पुनर्विचार याचिका खारिज हो जाती है,तो टीईटी उत्तीर्ण करने हेतु निर्धारित दो वर्ष की समय–सीमा व्यतीत होने की आशंका बनी रहेगी। ऐसी स्थिति में क्रमोन्नति प्रकरण की भांति पुनः शिक्षक साथियों को न्यायालयीन प्रक्रिया के नाम पर ठगे जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

# नारी शक्ति के उत्थान व सशक्तिकरण को समर्पित है भाजपा सरकार : मोहना नेताम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जनपद पंचायत मैनपुर के अध्यक्ष मोहना नेताम ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की भाजपा सरकार नारी शक्ति के उत्थान और सशक्तिकरण को समर्पित है । श्रीमति नेताम ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकारों और क्षमताओं के बारे में जागरूक करना, ताकि वे अपने जीवन को अपने तरीके से जी सकें महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं वे न केवल घर की जिम्मेदारियां संभालती हैं, बल्कि वे समाज और देश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं लेकिन फिर भी महिलाओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे कि शिक्षा की कमी, स्वास्थ्य की समस्याएं, और घरेलू हिंसा। श्रीमति मोहना नेताम ने कहा अब समय बदल रहा है



महिलाएं अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रही हैं और समाज में अपनी जगह बना रही है सरकार भी महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है, जैसे जी राम जी के माध्यम से महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र, आजीविका मिशन बिहान, स्व-सहायता समूह, लखपति दीदी, महिला बहनों को महतारी वंदन, महतारी सदन का निर्माण होने से महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

# सूखते सरगी नाला एनीकेट ने बढ़ाई चिंता, ग्रामीणों ने जलापूर्ति की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत बिजली के आश्रित ग्राम मड़वाडिही में स्थित सरगी नाला के शासकीय एनीकेट में जलापूर्ति एवं भराव की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने आवाज बुलंद की है। सोमवार को जनपद सभापति नंदू यादव बिजली और सरपंच पद्मा मोती निषाद के नेतृत्व में ग्रामीणों संग एनीकेट का निरीक्षण किया और सूखी हालत देखकर चिंता जताई। उन्होंने तत्काल जल भराव की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों को पत्र सौंपा। जल संसाधन विभाग द्वारा निर्मित यह एनीकेट वर्तमान में पूरी तरह शुष्क पड़ा है, जिससे क्षेत्र के निवासियों को गंभीर चिंता का विषय एवं समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

एनीकेट के जलाशय में पानी के अभाव के कारण लाभान्वित ग्राम बिजली, मड़वाडीह, चैतरा और बोरसी समेत आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को दैनिक उपयोग के लिए जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही, स्थानीय जंगली जानवरों ,पशु पक्षी,और पालतू पशुओं को भी पेयजल की किल्लत झेलनी पड़ रही है। इस क्षेत्र में धार्मिक स्थल बाबाकुपि भी स्थित है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। एनीकेट के किनारे स्थित पिकनिक स्पॉट का भी पर्यटक उपयोग करते हैं, राजिम फिंगेश्वर मुख्य मार्ग के किनारे होने से लोग विश्राम के लिए रूकते हैं। ऐसे में जल भराव की आवश्यकता और भी अधिक बढ़ जाती है। हाल ही में जल संसाधन विभाग द्वारा शिकासार जलाशय से नहर के माध्यम से निस्तारण जल प्रवाहित किया गया था।



**जल भराव की जाएगी**

ग्रामीणों ने मांग की है कि उसी प्रवाह के तहत सरगी नाला स्थित एनीकेट में शीघ्र जल भराव किया जाए। इस संबंध में राजिम विधायक रोहित साहू से भी ध्यान आकर्षित कराया गया है, जिन्होंने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है।इस मौके पर सभापति नंदू यादव, सरपंच पद्मा मोती निषाद, उपसरपंच तोषण पटेल राधेश्याम थानु, साहू, बलवा निषाद,जगनाती यादव,लीला साहू, रेणुका सेन, चम्पा निषाद,कमला दास, मोहन निषाद उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग गरियाबंद, ईएस के बर्मन ने



कहा कि आवेदन प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई कर जल भराव सुनिश्चित किया जाएगा। ग्रामीणों ने सोमवार को फिंगेश्वर अनुविभागीय अधिकारी को भी मांग पत्र सौंपा है, जिसमें तत्काल कार्रवाई की अपील की गई है। जल भराव होने से न केवल ग्रामीणों के स्नान और घरेलू कार्य सुचारू होंगे, बल्कि पशु-पक्षियों, जंगली जानवरों और पर्यटकों की पेयजल आवश्यकता की पूर्ति भी संभव हो सकेगी।

**समस्या का एक सप्ताह में समाधान नहीं होने पर चक्काजाम की दी चेतावनी**

# लो-वोल्टेज से सूख रही रबी की फसलें आक्रोशित किसानों ने घेरा बिजली दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में सिंचाई का कोई साधन नहीं होने के बावजूद मैनपुर मुख्यालय एवं आसपास ग्रामो के सैकड़ों किसानों के द्वारा अपने खेतों में ट्यूबवेल खनन करवाकर या सरकार से कर्ज लेकर रबी की फसल में धान मक्का दलहन तिलहन पिछले 15-20 वर्षों से ले रहे हैं लेकिन गर्मी प्रारंभ होते ही बिजली का लोड बढ़ते ही लो वोल्टेज के कारण मोटरपंप नहीं चल पाने से किसानों के रबी फसल सुखने के कगार में पहुंच गया हैं। परेशान किसानों ने सोमवार को मैनपुर बिजली कार्यालय पहुंचकर जहां एक ओर लो वोल्टेज की समस्या को लेकर जमकर नराजगी जताई वहीं छुईहा गौरगांव में नया ट्रांसफार्मर लगाकर तत्काल समस्या समाधान करने की मांग किया है साथ ही एक सप्ताह के अंदर लो वोल्टेज की समस्या हल नहीं होने पर किसान मजबुरन चक्काजाम करने की चेतावनी दिए है। मैनपुर मुख्यालय से लगे गौरघाट क्षेत्र के सैकड़ों किसान इन दिनों भीषण लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं खेतों में बोआई के बाद सिंचाई के लिए बिजली पर निर्भर किसानों के सामने अब फसल बचाने का संकट खड़ा हो गया है लगातार मिल रही कम वोल्टेज की बिजली के कारण खेतों में लगे ट्यूबवेल और पंप तक नहीं चल पा रहे हैं, जिससे खेतों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बाधित हो रही है। इसी गंभीर समस्या को लेकर सोमवार को गौरघाट, छुईहा और आसपास के गांवों के किसान बड़ी संख्या में मैनपुर स्थित बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आठ दिनों के भीतर लो वोल्टेज की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे सड़क पर उतरकर चक्काजाम आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसानों ने बताया कि अभी गर्मी की शुरुआत ही हुई है, लेकिन बिजली की स्थिति इतनी खराब है कि खेतों में सिंचाई करना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि बड़ी उम्मीदों के साथ किसानों ने अपने खेतों में फसल की बोआई कर दी है, लेकिन यदि समय पर पानी नहीं मिला तो पूरी फसल बर्बाद हो सकती है और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

**10 साल से नए ट्रांसफार्मर की मांग, अब आर-पार की जंग**



किसानों का कहना है कि छुईहा ग्राम में लगे मात्र एक ट्रांसफार्मर से पूरे इलाके में बिजली सप्लाई की जा रही है। इसी कारण बिजली का दबाव बढ़ जाता है और लो वोल्टेज की समस्या लगातार बनी रहती है। ग्रामीणों के अनुसार वे पिछले करीब 10 साल से अलग ट्रांसफार्मर लगाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी मांग पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। किसानों ने बिजली विभाग को दिए गए ज्ञापन में मांग की है कि छुईहा क्षेत्र में नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए और बिजली व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त वोल्टेज मिल सके और किसानों की मेहनत से तैयार हो रही फसल सुरक्षित रह सके। इस मौके पर मैनपुर उपसरपंच अनिश सोलंकी, थानुराम पटेल, छबि दीवान, मुख्तियाज दीवान, आलिम अंसारी, पारे"वर पटेल, सरीफ भाई, दिलीप ध्रुव, मनोहर पटेल, भुवेन्द्र पटेल, डोमार साहू, उमेन्द्र, सदाराम नागेश, निराम सिंह नेताम, मनसिंग ध्रुव, रामचंद ध्रुव, जोगेन्द्र ठाकुर, सिरधर ध्रुव, मनबोध सिंह, शिवप्रसाद, सुरेश कुमार, शेख फखरूद्दीन एवं बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सहनशीलता की मिसाल होती है महिलाएं : ओमकुमारी

**नवापारा-राजिम।** नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने विश्व महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं एवं मातृशक्तियों से कहा कि हर महिला अपने आप में विशिष्ट एवं शक्तिशाली होती है। बशर्ते उन्हें अपने शौर्य एवं साहस का ज्ञान



होना आवश्यक है। महिला प्रेम एवं त्याग की प्रतिमूर्ति है। महिला सृजन, शक्ति और सहनशीलता की मिसाल है। जब महिलाएं आगे बढ़ती है, तो पूरा समाज प्रगति करता है। वह सिर्फ घर नहीं बल्कि पूरी दुनिया को संवारने की ताकत रखती है। समाज तभी समृद्ध होगा, जब हर नारी को उसका हक मिलेगा। महिलाएं इतिहास लिखती है भविष्य गढ़ती है और हर चुनौती को स्वीकार करती है। उनकी हिम्मत मेहनत और आत्मविश्वास उसको सबसे अलग करती है क्योंकि वह सिर्फ परिवार ही नहीं पूरी सभ्यता का आधार है। आज के परिवेश में महिलाओं का प्रतिनिधित्व प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ा है। कई ऐसे क्षेत्र है जहां केवल महिलाओं का ही एकाधिकार है। श्रीमती साहू ने कहा कि महिला स्वसहायता समूह, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता, मितानिन दीदी के कार्य भारत के लिए विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

### अखिल भारतीय पंचायत परिषद की संयोजक बनी नंदिनी-ओंकार साहू

**राजिम।** जिला पंचायत सभापति नंदिनी-ओंकार साहू को अखिल भारतीय पंचायत परिषद का संयोजक बनाया गया है। इस



अवसर पर नंदिनी साहू ने वरिष्ठजनों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद, विश्वास और सहयोग से मुझे अखिल भारतीय पंचायत परिषद में संयोजक का दायित्व मिला है। यह पद मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं विश्वास दिलाती हूं कि आप सभी के सहयोग से क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करूंगी।

### सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश कार्य समिति के सदस्य बने सोहेन्द्र

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति एवं भारतीय जनता



पार्टी महामंत्री (संगठन) पवन साय के निर्देश पर सोहेन्द्र साहू नवापारा को सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्य समिति में सदस्य बनाया गया है। सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश कार्य समिति सदस्य बनाए जाने पर सोहेन्द्र साहू ने शीर्ष नेतृत्व के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर सोहेंद्र साहू ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर मैं खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

---

**कार्यक्रम : साय सरकार के दो वर्ष, विकास कार्य और जनसमस्याओं पर खुली चर्चा**

# हरिभूमि-आईएनएच जिला संवाद में तीखी बहस विकास और सियासत पर जोरदार मंथन









**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

हरिभूमि-आईएनएच समूह द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम जिले में राजनीतिक और सामाजिक चर्चा का केंद्र बन गया है। कार्यक्रम में सत्ता और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के बीच तीखी बहस और सवाल-जवाब का दौर चला। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी के बेबाक और सीधे सवालों ने मंच पर मौजूद नेताओं को कई मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के बाद से ही इसकी चर्चा जिले भर में जोरों पर है। जिला संवाद में राजनीतिक दलों के नेताओं ने गरियाबंद जिले में विकास के मुद्दों पर खुलकर अपनी बातें रखी। राजिम शहर के प्रेम रतन मैरिज पैलेस में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के विकास कार्यों, चल रही योजनाओं और आम जनता की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा और मंथन किया गया। कार्यक्रम को लेकर आमजनों में भी खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोग संवाद को सुनने पहुंचे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के खाद्य मंत्री एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजिम विधायक रोहित साहू, बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेंद्र साहू तथा प्रथम पंचायत मंत्री एवं पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल मौजूद रहे। प्रशासनिक स्तर पर गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके और पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और महत्वपूर्ण बना दिया।

### नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी का सम्मान



**राजिम।** हरिभूमि-आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम में नवापारा नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू का सम्मान मोमेंटो देकर किया गया।

### सफल आयोजन में टीम की भूमिका

मंच से नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव और जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने भी अपने विचार रखे। वहीं आमजनों की ओर से पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा साहू ने प्रदेश के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से जनसरोकार से जुड़े सवाल पूछे, जिस पर मंत्री ने योजनाओं और सरकार की प्राथमिकताओं को लेकर जवाब दिया। कार्यक्रम के दौरान राजिम विधायक रोहित साहू और पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल के बीच हुई तीखी नोकझोंक का वीडियो सामाजिक माध्यमों पर तेजी से वायरल हो रहा है। दोनों नेताओं के समर्थक अपने-अपने नेताओं के पक्ष में सोशल मिडिया पर वीडियो साझा कर रहे हैं, जिससे जिले की सियासत में चर्चा और तेज हो गई है। हरिभूमि-आईएनएच समूह के इस जिला संवाद कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश भर में लाखों दर्शकों ने देखा। कार्यक्रम के दौरान समाजहितों के उल्लेखनीय कार्य कर रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं का प्रधान संपादक डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता रामूराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गफ्फू मेमन, गौरीशंकर कश्यप, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा साहू, आशीष शर्मा, सागर मयानी, अमित मीरी सहित जिले के फिंगेश्वर, छुरा, गरियाबंद, मैनपुर और देवभोग विकासखंडों से बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरिभूमि के जिला ब्यूरो प्रमुख गोरेलाल सिन्हा तथा संवाददाता दीपक प्रकाश पोद्दार (फिंगेश्वर), यशवंत यादव (छुरा), हसन खान (मैनपुर), भागीरथी सिन्हा (छुईहा-बेलर), तेजराम ध्रुव (मुड़ागांव), धर्मेंद्र यादव (परसदा-पाट सिवनी), भुनेश्वर साहू (अवरी-सेंहरा) का विशेष योगदान रहा। वहीं रायपुर कार्यालय से आए प्रसार प्रतिनिधि सुमित महोबिया और तोरण लाल साहू ने भी कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### प्रशासनिक उपलब्धियों पर चर्चा

कार्यक्रम का संचालन आईएनएच समाचार चैनल के संपादक शैलेश पांडेय ने किया। संवाद के दौरान कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने जिले में चल रहे विकास कार्यों, योजनाओं और प्रशासनिक पहल की जानकारी दी, वहीं पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने जिले में कानून-व्यवस्था और नक्सल गतिविधियों में आई कमी को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जहां कभी नक्सलियों का खौफ था, वहां अब हालात काफी बदल चुके हैं और जिले में सक्रिय नक्सली संगठन लगभग समाप्त हो चुके हैं। राजनीतिक मंच पर भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर देखने को मिला। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं, वहीं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीते दो वर्षों में जनता की मूल समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं और लोगों का भरोसा सरकार से कमजोर हुआ है।

---

# शिक्षक ईश्वर लाल सिन्हा रत्नांचल जिला साहित्य सम्मान से विभूषित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**

बीते दिनों ग्राम कूटेंना स्थित चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम में आयोजित पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह के दौरान रत्नांचल जिला साहित्य एवं जन कल्याण समिति द्वारा शिक्षक एवं साहित्यकार ईश्वर लाल सिन्हा को सम्मानित किया गया।





शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जनक ध्रुव तथा अध्यक्ष जिला पंचायत गौरी शंकर कश्यप उपस्थित रहे। वहीं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक मुन्ना लाल देवदास भी विशेष रूप से मौजूद थे। अतिथियों ने ईश्वर लाल सिन्हा को प्रतीक चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि शिक्षा और साहित्य समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं और ऐसे शिक्षकों का सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनता है। कार्यक्रम में क्षेत्र के साहित्यकार, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लो वोल्टेज से ग्रामीण और किसान परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला**

क्षेत्र में लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से ग्रामीण सहित व्यवसायियों का जीवन बेहाल है। कम वोल्टेज के कारण पंप पंखे,कूलर, फ्रिज जैसे घरेलू उपकरण शो पीस बने हुए हैं। गर्मी से बच्चों व बुजुर्गों को परेशानी हो रही है। अभी तो सिर्फ मार्च महीने चल रहा है, आने वाले अप्रैल,मई , जून में और क्या होगा। कनसिघी के सरपंच भोजराज नागेश, उपसरपंच घनश्याम चन्द्राकार, सुरेन्द्र ठाकुर, कुशल ध्रुव,रिखिदास मानिकपुरी,जैयलाल यादव, गोवर्धन नागेश,राधेसेन, रोहित प्रधान ने कहा कि यह समस्या वर्षों से चली आ रही है, मगर अभी तक इसका कोई निदान नहीं हुआ है।



### समस्या का स्थायी समाधान नहीं

इसी कड़ी में ग्राम कनसिघी के जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रमुखों ने विधुत विभाग छुरा कार्यालय में जाकर लो वोल्टेज की गंभीर समस्या को अवगत करवाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है, और दिनों दिन समस्या बढ़ती जा रही है। सरप्लस बिजली देने का दावा करने वाले राज्य में अभी भी ग्रामीण इलाकों के लोग लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। यहां पर ऐसा हर वर्ष गर्मी के दिनों में बिजली की परेशानी झेलनी पड़ती है। साथ ही साथ पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों के घरों में बल्ब जुगनू की तरह जल रहें हैं। पंखे रेग रहे हैं। एसी कूलर, फ्रिज काम नहीं कर रहे हैं। बिजली होने पर भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी अनजान बने हैं।

आगे कहा कि लो वोल्टेज के कारण मोटर व सबमर्सिबल पंप नहीं चल रहें है, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। कम वोल्टेज के चलते बिजली रहने के बाद भी न तो पानी के लिए मोटरें नहीं चल पा रही है और पंखे भी गर्मी से राहत नहीं दे पा रहे। मोबाइल तक चार्ज करने में दिक्कत हो रही। इससे उपभोक्ताओं में बिजली विभाग के प्रति नाराज़गी बढ़ती जा रही है। अंचल में बिजली के लो वोल्टेज से मोटर पंप,कूलर व पंखा हांफने लगें हैं। इससे विधार्थियों की पढ़ाई और दैनिक कार्य प्रभावित हो रहें हैं।

# महिला दिवस पर 21 वरिष्ठ मातृशक्तियों का सम्मान

**राजिम।** शक्ति वाहिनी विप्र महिला मंडल, सर्व ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में होली मिलन, रंग पंचमी एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नारी शक्ति का उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अलका शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा, अध्यक्षता सर्व ब्राम्हण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने की। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती सीमा शर्मा, ऋचा द्विवेदी, केशरलता मिश्रा योगिता शर्मा, गोकृति तिवारी, सोनिया मौजूद थी। सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पौधें भेंटकर



सम्मान किया गया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने वक्तव्य से नारीशक्ति, वर्तमान में नारियों के द्वारा किये जा रहे सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और समाज को अपने घर परिवार को देश को निरन्तर अग्रणी बनाने में मील का पत्थर साबित कर रहे हैं। इन वक्तयों से नारीशक्ति की भूमिक पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंतर्गत समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाली वरिष्ठ एवं प्रेरणादायक महिलाओं का वरिष्ठ महिला नारी शक्ति सम्मान सर्वब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर समारोह के माध्यम से सम्मान किया गया। सम्मानित महिलाओं में प्रमुख रूप से किरण शिव तिवारी, ममता मिश्रा, केशर शर्मा, सविता उपाध्याय, रानी तिवारी, शशि शर्मा, अंबिका शर्मा, इंद्राणी सिंह ठाकुर, केसर लता मिश्रा, रोहिणी शर्मा, राधिका सिंह, पुष्पलता शर्मा, श्याम तिवारी, त्रिवेणी पांडे, अश्वनी साहू, राधिका ठाकुर, पार्वती सोनी, उर्वशी शर्मा, उषा देवी साहू, कस्तूरी तिवारी, भगवती चतुर्वेदी शामिल है। इन सभी महिलाओं को पौधें एवं सर्वब्राह्मण समाज नारी शक्ति सम्मान प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह भेंट कर इक्कीस मातृ शक्तिओं (वरिष्ठ) माताओं को सम्मानित किया गया।

### कोसरिया यादव समाज ने सामाजिक एकता और विकास पर दिया जोर

**छुरा।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज पांच राज संगठन वार्षिक सम्मेलन समारोह राजिम, कछारपट्टी, फिंगेश्वर, छूरा, मधुबन का आयोजन कोसमबुड़ा धाम के श्री राधाकृष्ण मन्दिर में सर्वप्रथम पूजा आरती के साथ प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि रिखीराम यादव नगर पालिका अध्यक्ष गरियाबंद एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता रामानंद यादव जिलाध्यक्ष कोसरिया यादव समाज गरियाबंद ने किया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के पावन पर्व पर समाज के बेटियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रारंभ करते हुए समस्त महिला पदाधिकारियों को मोमेंटो व बैच लगाकर श्रीफल से सम्मनित किया गया। जिसमें उषा यादव प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, मोतिम यादव जिलाध्यक्ष गरियाबंद, जानकी यादव सचिव गरियाबंद, लीला यादव कोषाध्यक्ष गरियाबंद, अनिता यादव संगठन मंत्री गरियाबंद, आशा यादव अध्यक्ष छूरा एवं सभी परिक्षेत्र के महिला प्रकोष्ट पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। रिखी यादव ने कहा की हम सब यादव समाज एक होकर संगठित रहेंगे तभी हमारे समाज की शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनैतिक विकास संभव हैं। इस कार्यक्रम में ठेठवार यादव समाज के यशवंत यादव, कन्हैया यादव एवं हेमलाल यादव अध्यक्ष बड़े कोसरिया यादव समाज व कार्यक्रम को सफल बनाने में कोसरिया समाज पांच राज संगठन (छूरा, मधुबन, कछारपट्टी, राजिम, फिंगेश्वर) सभी पदाधिकारीयों का विशेष सहयोग रहा।





---

**अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस**

# बीईओ का बाइक से औचक निरीक्षण, दर्जनों शिक्षक मिले नदारद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर दुरस्थ वनांचल क्षेत्र में जहां एक ओर लंबे समय से शिक्षको के अनुपस्थिति की शिकायत जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचती रहती है। वहीं कई स्कूलों में होली त्योहार के बाद से अब तक शिक्षक नहीं पहुंचने की भी शिकायत मिल रही है। कई स्कूलों में ताला लटका हुआ है जिसका तस्वीर बकायदा क्षेत्र के सोशल मिडिया में वायरल हो रही है। इसी बीच विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश पटेल ने सोमवार को स्वयं वस्तु स्थिति का जायजा लेने वनांचल क्षेत्र के स्कूलों तक मोटर साइकिल से पहुंचे स्कूलों के जायजा लेने पर दर्जनों शिक्षक अनुपस्थित मिले जिस पर मैनपुर बीईओ महेश पटेल ने जमकर नराजगी जताई और अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को बीईओ मैनपुर महेश पटेल के द्वारा विकास खण्ड अंतर्गत संचालित शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला केरापारा में शिक्षक लक्ष्मीनाथ नागेश अनुपस्थित, प्राथमिक शाला भदरीपारा तरूण कुमार साहू एवं दारा सिंह प्रधान अनुपस्थित, प्राथमिक शाला गाजीमुडा में गौतम सिंह ठाकुर अनुपस्थित, माध्यमिक शाला गरीबा पवन कुमार साहू अनुपस्थित, प्राथमिक शाला मौहानाल दुष्यंत कुमार साहू अनुपस्थित, प्राथमिक शाला कमारपारा के सतीश कुमार दुबे अनुपस्थित, प्राथमिक शाला भाठापानी देव कुमार साण्ड अनुपस्थित एवं प्राथमिक शाला अडगडी में द्वारिका प्रसाद सिन्हा एवं माध्यमिक शाला शोभा के भृत्य रामचरण सोरी अनुपस्थित पाये गये। उक्त अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



### नोटिस जारी कर रहे

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल ने बताया की लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। जहां भी शिक्षक अनुपस्थित पाए जा रहे हैं उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है।

**व्यवस्था में आने लगी सुधार-** ज्ञात हो कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल द्वारा लगातार पिछले कुछ माह से शिकायत मिलते ही मोटर साइकिल के माध्यम से 70-80 किमी तक दुरस्थ वनांचल के स्कूलों में पहुंचकर निरीक्षण किया जा रहा है पूर्व में भी बीईओ के औचक निरीक्षण मे दर्जनों शिक्षक अनुपस्थित पाए गए थे जिस पर नियमानुसार कार्यवाही करने के बाद कई स्कूलो के व्यवस्था में सुधार भी देखने को मिल रहा है तो बीईओ के औचक निरीक्षण से हड़कंप मची हुई है।

**दो शिक्षक वाले अधिकांश स्कूल में एक शिक्षक अनुपस्थित-** मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल के ग्रामों में संचालित शासकीय स्कूल जहां दो शिक्षक पदस्थ है। अधिकांश दो शिक्षक वाले स्कूलों में एक शिक्षक हमेशा अनुपस्थित पाया जाता है जब ग्राम के शिक्षा समिति या सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि निरीक्षण करते है तो उन्हे यह बताया जाता है कि एक शिक्षक संकुल स्तरीय बैठक में गया है या फिर बीईओ कार्यालय सरकारी कार्य में जाने की बात बताई जाती है। इस तरह की शिकायत लंबे समय से आ रही है।

